Nai Dunia (Indore), 13th February 2021, Page-5

# अपनी नेतृत्व क्षमता कैसे बढ़ाएं सिखा रहा आइआइटी इंदौर

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (आइआइटी) इंदौर द्वारा तीन दिवसीय वर्चुअल कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार से हुई। कार्यक्रम का विषय 'लीडर्स फार रेडिकल चेंजेस फार एन आत्मनिर्भर भारत' है। कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे जीवन में नेतृत्व कौशल के महत्व को उजागर करना है। इसमें नेतृत्व की गुणवत्ता की भावना को पैदा करना और विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी शक्तियों और जिम्मेदारियों से अवगत कराना है।

कार्यक्रम के पहले दिन आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन और संस्थान के डीन डा. संतोष कुमार विश्वकर्मा ने सत्र की शुरुआत की। इस दिन आइआइएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय मुख्य वक्ता थे। इसके अलावा ट्राई के ब्राडकास्टिंग एंड केबल सर्विसेस के सलाहकार अनिल कुमार भारद्वाज, भाजपा किसान मोर्चा के आइटी और सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक अनिरुद्ध प्रताप सिंह, इंडिया इलेक्ट्रानिक्स एंड सेमिकंडक्टर एसोसिएशन (आइइएसए) के अध्यक्ष डा. सत्य गुप्ता ने अपने अनुभव शेयर किए। शनिवार को दूसरे सत्र में राजनीतिज्ञ नवीन कुमार, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की समिति के अध्यक्ष अनुज शर्मा, संसद सदस्य व पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर, पद्मश्री हंसराज हंस, भारतीय फिल्म निदेशक विवेक अग्निहोत्री एबीवीपी की राष्ट्रीय महासचिव निधि त्रिपाठी अपने अनुभव शेयर करेंगी। 21 फरवरी को विद्यार्थियों के बीच चर्चा होगी। इसका मकसद विद्यार्थियों को मंच देना है और आत्मनिर्भर बनाने के लिए नेतृत्व के बारे में विस्तार से समझाना है।




**तीन दिनी कार्यक्रम**

- विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से अवगत करा रहे
- आज गौतम गंभीर, हंसराज हंस, विवेक अग्निहोत्री करेंगे बात